ग्वालियर संस्करण की नई विज्ञापन दरें

	3 DAYS	15 DAYS	1 MONTH
वर्गीकृत विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट) 50 शब्द, प्रत्येक अतिरिक्त शब्द 5 रूपये, शीर्षक शुल्क 100 प्रतिशत अतिरिक्त	100/-	500/-	1000/-
डिस्पले क्लासिफाइड विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट)	1 DAYS 500/-	7 DAYS 1800/-	1 MONTH 3000/-
पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि फोटो सहित	Size 8x1	Rs. 500/-	
गुमशुदा, जन्मदिन, बधाई	Size 8x1	Rs. 1000/-	
वैवाहिक	Size 6x1	Rs. 500/-	
नाम परिवर्तन, लीज पॉलिसी परिवर्तन, खोया-पाया	Display Classified Rate		
वैवाहिक विज्ञापन कम से कम 40 शब्द (केवल मध्यप्रदेश) 5 रूपये अतिरिक्त शब्द	Rs. 500/-		

Contact:-
Nava Bharat Bhavan, City Center, Gwalior
Ph. 0751-4086200, 9479319990
E-mail address-bharatnava@gmail.com

पाठकगण किसी भी वर्गीकृत विज्ञापन पर पहल करने से पहले पूरी जानकारी एकत्र कर संपर्क करें. इस संबंध में नवभारत समाचार- पत्र की जिम्मेदारी नहीं होगी.

कथावाचक भागवत के नाम पर जनता को अश्लीलता परोस रहे : स्वामी रघुनाथानंद

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 7 अगस्त. श्रावण मास वर्षा ऋतु में फसलों का उत्पादन होता है और जितनी भी जड़ी बूटियां है। वह वर्ष के कारण से उद्बोध होती हैं और इसमें जो भगवान शिव है उन्हें आठ मूर्तियों में समझना चाहिए। पृथ्वी जल तेज वायु आकाश क्षेत्र ज्ञान सूर्य चंद्रमा है। उक्त बात सिरोल रोड पर श्रीशिव महापुराण कर रहे कथावाचक वाचस्पति डॉ. स्वामी रघुनाथानंद महाराज ने एक पत्रकार वार्ता में कही।

उन्होंने एक प्रश्न के जवाब में कहा कि वेद शास्त्रों में ऐसी ऐसी विधियां है, उपाय हैं, आते हुए

अपने शत्रुओं की धारा को रोक सकते हैं, उन्हें हम लोग नहीं जानते। वहीं उन्होंने भारत में गाय की दुर्दशा पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि आदिकाल से गोवंश को माता के रूप में पूजा जाता है लेकिन वर्तमान में गौ वंश दुर्दशा का शिकार हो रहा है जबकि सभी जानते हैं कि गौ माता का मूत्र से लेकर गोबर तक मनुष्य के जीवन भर काम आता है। इसीलिए भारत की भी दुर्दशा हो रही है वहीं उन्होंने शंकराचार्य के बारे में कहा कि शंकराचार्य केवल अपनी कुर्सी की रक्षा कर रहे हैं। यदि वह सनातन धर्म के लिए खड़े हो जाएं तो भारत के अंदर सनातन धर्म की जड़े मजबूत होगी।

कुबरेश्वर धाम की घटना के लिए आयोजकों को जिम्मेदार ठहराया

उन्होंने भागवत कथाचार्यों के बारे में कहा कि कथा वाचक भागवत में भगवान को दही चोर, मटकी फोड़, गोपियों के वस्त्र चोर आदि कहते हैं जबकि भगवान धर्म की रक्षा के लिए अवतरित हुए। भगवान कहते हैं मैं धर्म की रक्षा के लिए आता हूं और उन्हें कथावाचक व्यभचारी कहते हैं। लिव इन में रहने वालों के सवाल पर उन्होंने कहा कि प्रभु ने मिट्टी बना कर दे दी है उसे जिस रूप में डालोगे वह उसी में ढलेगी।

नन्ही बहनों ने अपने हाथों से राखी बनाकर भाईयों को बांधकर मनाया रक्षाबंधन

ग्वालियर 7 अगस्त. नन्ही मुन्नी बहनों ने अपने हाथों से पहले तो राखियां बनाई जिसमें उनकी मदद उनकी टीचर ने भी की, इसके बाद सभी नन्ही बहनों ने अपने साथी स्टूडेंट भाइयों को राखिया बांधी। भाइयों ने भी उन्हें चॉकलेट उपहार में दी। रक्षाबंधन का यह पर्व रेडोलेंट प्री किड्स स्कूल में बड़े उत्साह से मनाया गया। सभी स्टूडेंट आज स्कूल ड्रेस की बजाय पारंपरिक कपड़ों में आए थे। अपने हाथ में राखी बंधी देखकर जहां भाई खुश थे वही उपहार पाकर बहने भी खुश नजर आई। इस अवसर पर संचालिका मधुलिका पहारिया और स्कूल की शिक्षकाओं बच्चों को बताया कि रक्षाबंधन बहन और भाई का पवित्र त्यौहार है।

पंजा कुश्ती में ग्वालियर के पोस्टर बॉय सचिन गोयल ने 10-0 की जीत के साथ बटोरी सुर्खियाँ

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 7 अगस्त. प्रो पंजा लीग सीज़न 2 ने शुरुआती दो दिनों के रोमांचक मुकाबलों और मेगा मैचों के बाद एक बार फिर जबरदस्त एक्शन और मनोरंजन के साथ वापसी की। अटल बिहारी वाजपेयी ट्रेनिंग सेंटर फॉर डिसएबिलिटी स्पोर्ट्स में हुए इन मुकाबलों में सह-संस्थापक परवीन डबास और प्रीति झंगियानी ने यह सुनिश्चित किया कि हर मुकाबले का हर पल मध्यप्रदेश की जनता के लिए जीवंत हो उठे। इनडोर स्टेडियम में दर्शकों की भारी भीड़ और ज़ोरदार उत्साह देखने को मिला, जो कम समय में ही भारतीय आर्म रेसलिंग प्रतिभाओं के लिए सबसे ज़बरदस्त समर्थन बन गया। घरेलू टीम एमपी हथोड़ास ने विशेष

रूप से माहौल को और जोशीला बना दिया, जिसमें ग्वालियर के खिलाड़ी सचिन गोयल ने मुख्य कार्ड के फिक्स्चर 4 में 7-0 की जीत दर्ज कर सबका ध्यान खींचा, वहीं शाजू एयू और अर्विका दत्ता ने अंडरकार्ड के फिक्स्चर 2 में शेर ए लुधियाना के खिलाफ प्रभावशाली जीत हासिल की। खिलाड़ियों और उत्साही दर्शकों - दोनों के लिए, प्रो पंजा लीग सीज़न 2 ने ग्वालियर के अटल बिहारी वाजपेयी ट्रेनिंग सेंटर में एक बेहद रोमांचक वातावरण तैयार किया है। यह फ्रेंचाइज़ी आधारित भव्य मंच पारंपरिक भारतीय खेलों की गरिमा को फिर से स्थापित कर रहा है। लीग की समावेशिता की सोच और विविध आर्म रेसलिंग प्रतिभाओं को मज़बूत मंच देने की प्रतिबद्धता के चलते, भारतीय खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी क्षमता दिखाने का सुनहरा अवसर मिल रहा है। यह भव्य आयोजन ग्वालियर को राष्ट्रीय खेल आयोजनों के लिए एक समृद्ध स्थल के रूप में और सशक्त बनाता है। अंडरकार्ड श्रेणी में, फिक्स्चर 1 में जयपुर वीर का मुकाबला रोहतक रॉडीज से हुआ। 100+ किग्रा वर्ग में रोहतक रॉडीज के अमित चौधरी ने जयपुर वीर के प्रशनजीत पात्रा को 2-1 से हराया।

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 24 घंटे में पकड़ा

ग्वालियर 7 अगस्त. शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को थाना कोतवाली पुलिस ने 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी कोतवाली मोहिनी वर्मा ने बताया कि प्रियंका(परिवर्तित नाम) निवासी सिकन्दर कम्पू ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट कराई थी कि उसके घर के पास में रहने वाले एक लड़के से उसकी 8-9 महीने से जान पहचान थी और वह मेरे पति का दोस्त भी है, जिस कारण उसका मेरे घर पर आना जाना भी था, जिस कारण मेरी उससे बातचीत होने लगी। बातचीत के दौरान उसने मुझसे बोला कि तुम्हारा पति तुम्हे अच्छे से नही रखता है, मैं तुमसे शादी कर लूगाँ और तुम्हे और तुम्हारे बच्चां को खुश रखूंगां, इसलिये मैं उसकी बातों में आ गई। 23 सितंबर 2024 से लेकर 26 जून 2025 तक वह मुझे गोल्डन स्कॉयर होटल में ले जाकर वहॉ पर शादी का झांसा देकर मेरे साथ कई बार गलत काम किया। जब मैने उससे शादी के लिए बोला तो उसने मुझसे शादी करने से मना कर दिया।

एक नजर में

छात्र छात्राओं ने राखी बनाकर दिखाई प्रतिभा

ग्वालियर 7 अगस्त. जे.सी. मिल्स उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरला नगर, ग्वालियर के प्राचार्य डॉ.आर.सी.गुप्ता ने बताया कि विद्यालय में रक्षाबंधन के उपलक्ष में राखी बनाओ एवं राखी सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय की लगभग 60 छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर मनमोहक राखियां बनाकर शिक्षकों का मनमोह लिया और अपनी प्रतिभा दिखाई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक श्रीमती कोमल तोमर, नीतू गुर्जर एवं तृप्ति गोड ने निर्णायक के रूप में अपनी भूमिका निभाई विद्यालय परिवार छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों को साधुवाद प्रदान करता है।

यूथ हॉस्टल महिला सदस्यों ने किया अम्मा महाराज छत्री में पौधारोपण

ग्वालियर 7 अगस्त. यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ग्वालियर की महिला सदस्यों ने अम्मा महाराज की छत्री,कटोराताल पर आज हरियाली महोत्सव के उपलक्ष्य में पौधारोपण का कार्यक्रम किया, जिसमे टिकोमा सहित अन्य फल, फूल के 21 पौधों को लगाया। सावन के महीने में प्रत्येक वर्ष महिला बिंग द्वारा पौधारोपण कर सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन किया जाता रहा। पिछले वर्ष अशोक के पौधे लगाये थे, जो आज पूरी तरह लग चुके है। इस अवसर सभी सदस्यों ने पेड़ पर पटली डाल कर झूला झूला व सावन के गीत गाये और अपनी पुरानी यादों को ताजा किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती आशा रमेश अग्रवाल , संयोजक श्रीमती नीलम चतुर्वेदी एवं उपसंयोजक श्रीमती अल्पना सिंघल थी। सभी सदस्यों ने 1 मिनट गेम खेले और सावन के गीतों पर रील भी बनाई। ममता शर्मा, अर्चना मिश्रा,जूली शुक्ला, सरिता जैन ने प्रमुख रूप से कार्यक्रम में भाग लिया।

जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन की नवनियुक्त अध्यक्ष ने की कार्यकारिणी घोषित

ग्वालियर, 7 अगस्त. गजराराजा मेडिकल कॉलेज एवं जयारोग्य हॉस्पिटल समूह से जुड़े जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन (जूडा) की कार्यकारिणी नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ.पूजा रावत ने घोषित कर दी है। एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी में डॉ. हेमंत सिंह को सचिव और डॉ. धुंआराम गुर्जर को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं, मुख्य समन्वयक की भूमिका डॉ. मेघना और डॉ. हिमांशु जैन निभाएंगे। कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी डॉ. विपिन कुमार को दी गई है। संयुक्त सचिव पद पर डॉ. हिमांशु पवार, डॉ. वीथिका दुदावत, डॉ. विवेक कलावत और डॉ. दिलीप धाकड़ को नियुक्त किया गया है। सह सचिव के रूप में डॉ. रविंद पाटीदार, डॉ. अंकिता आर्य और डॉ. मोहक पाठक का चयन किया गया है। जनसंपर्क विभाग का कार्यभार डॉ. आयुष जैन को सौंपा गया है। कार्यकारी समिति में डॉ. मृणाली सोनी, डॉ. विशाल सिंह चौहान, डॉ. अभिषेक राजे, डॉ. अनुराधा पटेल, डॉ. कशिश चौहान, डॉ. सोनम राजपूत और डॉ. राधिका गुप्ता को शामिल किया गया है। प्रशिक्षु प्रतिनिधियों के रूप में हर्ष जैन, मनीषा सरौत, शैलेन्द्र पांडे, अंकित यादव, अनुष्का सिंह को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, यूजी (अंडरग्रेजुएट) प्रतिनिधियों में अतुल कटारे, राज सिंह बघेल, कपिल तिवारी, हर्ष बाजपेयी, अमन पटेल, आर्यन दौहलिया, स्वर्ण गुप्ता, सान्या गुप्ता, देवांशी असावा, यशस्विनी हरसोले, राजेंद्र पाराशर, मनीष भंडारी, आयुष धाकड़ और प्रांजल गुप्ता शामिल हैं।

संगम की काव्य गोष्ठी कल होगी मानस भवन में

ग्वालियर। संगम साहित्य संस्था की काव्य गोष्ठी कल 08 अगस्त को शाम 5 -30 बजे से मानस भवन फूल बाग़ में आयोजित होगी। गोष्ठी में मुख्य अतिथि डिफेंस राष्ट्रीय कार्य समिति के सदस्य हरीश गौड़ होंगे अध्यक्षता वरिष्ठ कवि चेतराम सिंह भदौरिया करेंगे। कवि गोष्ठी में नगर के कवि कविता पाठ करेंगे। यह जानकारी अमित चितवन, सचिव, संगम साहित्य संस्था ग्वालियर ने दी है।

बाबासाहेब आंबेडकर मंडल के मीडिया प्रभारी बने मोहित शर्मा

ग्वालियर। भारतीय जनता पार्टी ग्वालियर के जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजोरिया एवं मंडल अध्यक्ष प्रवीण भारद्वाज के नेतृत्व में डॉ भीमराव अंबेडकर मंडल की कार्यकारिणी घोषित हुई जिसमें मोहित शर्मा को मीडिया प्रभारी बनाया गया। अपनी नियुक्ती पर मोहित शर्मा ने सभी वरिष्ठ साथियों का आभार व्यक्त कर कहा कि मैं संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी और निष्ठा से पूर्ण कर अपने मंडल के विचारों कार्यक्रम को प्रेस मीडिया के द्वारा लोंगों तक पहुंचाने का कार्य करुंगा।

बुनकरों का श्रीफल, शॉल से स्वागत किया

ग्वालियर। संत रविदास हस्तशिल्प हाथकरघा विकास निगम द्वारा 11 वां राष्ट्रीय हाथकरघा दिवस पर दस्तकारी हाट परिसर में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमल माखीजानी पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा, विशिष्ट अतिथि नवीन मिश्रा, छेदीलाल वर्मा बुनकर प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, माया वर्मा मंडल अध्यक्ष, अशोक प्रेमी समाजसेवी,प्रेम नारायण यादव समाज सेवी, डी.सी. तिवारी, आर.पी.कोरी पूर्व सहायक संचालक, राधिका फाउंडेशन के मध्य कृष्णकांत समाधिया एवं निगम के ग्वालियर प्रभारी कृष्णकांत गौतम उपस्थित रहे। इस अवसर पर माखीजानी ने कहा में स्वयं कलाकार रहा हूं में समझता हूं कि बुनकर अपनी कलाकारी को कितना मुश्किल से संजोकर रखते है। कार्यक्रम में अतिथियों के स्वागत के साथ कार्यक्रम में आये बुनकरों का श्रीफल,शॉल से स्वागत किया गया। अतिथियों द्वारा दस्तकारी हाट में पौधा रोपड़ भी किया गया। निगम के ग्वालियर प्रभारी कृष्णकांत गौतम ने हेंडलूम के प्रतीक के रूप में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि को गांधी चरखे का प्रतीक भेंट किया।

हिंडोले में बिठाए महाराजश्री, कराया केसर स्नान

ग्वालियर। अंतरराष्ट्रीय पुष्टिमार्गीय वैष्णव परिषद द्वारा मनाए जा रहे पवित्रा महोत्सव के तहत गुरुवार को गिर्राज धर्मशाला दौलतगंज में डिंडोला उत्सव (झूलन वल्लभवर सुखदाई) मनाया गया। इस अवसर केसर स्नान व आरती भी हुई। यहां सर्वप्रथम आकर्षक साज सज्जा के साथ डिंडोला की झांकी बनाई, जिसमें कोटा से आए वैष्णवाचार्य शरद कुमार महाराज को बिठाया गया। इसके बाद वैष्णवजन की मंडली ने संगीत के साथ भजन गाए, जिन पर कई श्रद्धालु झूम उठे। महाराज श्री का केसर स्नान कराया गया। आरती की गई, और प्रसादी के साथ इस आयोजन का समापन हुआ। इस मौके पर वैष्णवाचार्य शरद कुमार महाराज ने कहा कि हिंडोले, प्रकृति और छोटे बच्चों का जीवन में महत्व बताते हैं। इसी को धर्म से जोड़कर हिंडोला उत्सव मनाने की परंपरा पुराने समय से चली आ रही है। जिसमें सजे हुए हिंडोले में भगवान कृष्ण के बाल स्वरूप को प्रतिष्ठित किया जाता है। इसमें इस बात का खास ध्यान रखा जाता है कि हिंडोले फूल, पत्ते, फल या फिर मोती आदि जैसी प्राकृतिक चीजों से ही सजाए जाते हैं। इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष मोहन लाल अग्रवाल, सचिव कुम्भन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मुरली मनोहर अग्रवाल, नवनीत अग्रवाल, यमुनेश नाहर, रामनारायण शर्मा, रामबाबू अग्रवाल, पुष्पा रस्तोगी, त्रिलोकीनाथ व्यास, सुधा मुखियानी, जमुनादास मुखिया, लक्ष्मण दास सिंघल, पुरुषोत्तम सिंहल, प्रणय अग्रवाल, अनुभव सिंघल, शशि किरण मुखिया, रजनीश व्यास, सीता नाहर आदि उपस्थित रहे।

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 01 वार्ड क्रमांक 01 भवन क्रमांक ...स्थान जाधव कॉलोनी, बहोड़ापुर में स्थित है जो मां चिल्लाया देवी डवलपर्स एण्ड बिल्डर्स द्वारा पार्टनर/संजीव/धर्मेन्द्र आदि नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 9000031947 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 840 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी142602023ए12341737 दिनांक 09/09/2023 द्वारा क्रय/ उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्मत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 07-8-2025
बबीता गोले/प्रमोद गोले
पता : जाधव कॉलोनी,बहोड़ापुर, ग्वालियर, म.प्र.,
मों नं : 7999068430

आम सूचना

श्री लभ सिंह पुत्र श्री सुमेर सिंह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित श्रीराम कॉलोनी, ग्राम डबरा, प.ह.नं.56, रा.नि.मं.02, तहसील डबरा व जिला ग्वालियर (म.प्र.) है जो नगर पालिका परिषद डबरा वार्ड क्र.06 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र. 1804/2 ग्राम डबरा का भाग है एवं जिसका 2054 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में-रास्ता 30 फुट चौड़ा, पश्चिम में-भूखण्ड प्रियंका रावत, उत्तर में - रास्ता 20 फुट चौड़ा एवं दक्षिण में-भूखण्ड पवन शर्मा एवं मुलायम सिंह है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री श्याम सिंह, श्री चरन सिंह एवं श्री अजायब सिंह पुत्रगण श्री लक्ष्मण सिंह जट (सिवख) द्वारा डॉ. बाबूसिंह पुत्र श्री लालाराम ठाकुर, श्रीमती सरोजदेवी पत्नी श्री महेश चन्द्र गुप्ता एवं श्री मेहरबान सिंह पुत्र श्री मोहन सिंह को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. 1536 दिनांक 01.11.1985 से विक्रय की गई। श्रीमती सरोज गुप्ता द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री लभ सिंह पुत्र श्री सुमेर सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी 142582023ए12695199 दिनांक 22.12.2023 से विक्रय की गई। श्री लभ सिंह द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. - मकान नं. 52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

In The Court Of I Additional District and Session Judge, District Court, Morena

Presiding Officer : अभिषेक सिंह
आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु
(MJC GW/0000005/2025)
तहसीलदार सिंह तोमर.....वादी
Vs
सर्वसाधारण.....प्रतिवादी
Process id-/2025
पेशी दिनांक :- 19/08/2025

प्रेषिती-
(1) सर्वसाधारण

यह कि प्रार्थी तहसीलदार सिंह तोमर ने आपके विरूद्ध धारा-8 2 हिंदू आवश्यकता एवं संरक्षक अधिनियम 1956 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें, जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 04 August 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

न्यायाधीश
(अभिषेक सिंह)
प्रथम जिला न्यायाधीश अंबाह
जिला मुरैना (म.प्र.)

कृपया ध्यान दें :-
1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

NAME CHANGE

1, MANISH KUMAR GUPTA S/O SHRI RAMESH CHANDRA GUPTA. Here by Declare That I have Changed My Surname as MANISH GUPTA so, from now and In future I will be known by my new name- MANISH GUPTA.
ADDRESS
MAAVAISHNO PURAM GADAIPURA, BEHIND RATHORE DHARMA KATA BIRLA NAGAR, GWALIOR (M.P.) 474004

नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का नाम **नंदिनी दुबे** NANDINI DUBEY है, उसकी 10वीं की अंक सूची में भी यही नाम लिखा है परन्तु उसके आधार में उसका नाम **अनिष्का** (ANISHKA) लिखा है जो कि गलत है जिसे परिवर्तित करके **नंदिनी दुबे** NANDINI DUBEY दर्ज करने की कृपा करे। अत: भविष्य में मेरी पुत्री के समस्त शासकीय व अशासकीय दस्तावेजों में मेरी पुत्री का नाम **अनिष्का** (ANISHKA) के स्थान पर **नंदिनी दुबे** NANDINI DUBEY पढ़ा, लिखा व दर्ज किया जावे।

प्रार्थी
मुकेश कुमार दुबे उर्फ मुकेश दुबे पुत्र जगदीश प्रसाद दुबे,निवासी ग्राम बडेरा फुटकर, मुरार ग्वालियर म.प्र.-474006

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती पूनम राजावत पत्नी श्री विश्वप्रताप सिंह ने उक्त अचल सम्पत्ति प्लॉट क्र. 03 व 04 का भाग ब्लॉक आई स्थित ग्राम बड़ागाँव मुरार जिला ग्वालियर में है। जो कि सर्वे क्र. 958 का भाग 920 वर्गफुट है। जिसका म्यु. वार्ड क्र. 61 है, जो मेरी पक्षकारा ने विक्रय अनुबंध पत्र के तहत क्रय करना स्वीकार किया। मेरी पक्षकारा के विक्रेता सुलभ प्रताप सिंह यादव पुत्र श्री सुरेश सिंह यादव की क्रयशुदा सम्पत्ति रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज क्र. एम पी 142592021 ए1974778 तारीखी 22.11.2021 मे नवल सिंह पुत्र श्री फेरनसिंह द्वारा मु. आम दिलीप सिंह पुत्र श्री नवल सिंह से क्रय किया। मेरी पक्षकारा के द्वारा किये विक्रय अनुबंध पत्र के तहत चतुरसीमा निम्नानुसार है :- पूर्व में-प्लॉट क्र. 28 व 29 का भाग, पश्चिम में-रोड, उत्तर में - प्लॉट क्र. 03, दक्षिण में - प्लॉट क्र. 04 का भाग जिसका कुल क्षेत्रफल 920 वर्गफुट है। लेकिन मेरी पक्षकारा के विक्रेता सुलभ प्रताप सिंह यादव पुत्र श्री सुरेश सिंह यादव को अचल सम्पत्ति प्लॉट क्र. 03 व 04 का भाग कुल क्षेत्रफल 920 वर्गफुट पूर्व विक्रेता नवल सिंह पुत्र श्री फेरनसिंह द्वारा मु. आम दिलीप सिंह पुत्र श्री नवल सिंह के द्वारा विक्रित किये जाने बावत अगर किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निगम, शासकीय, अशासकीय विभागों या प्राईवेट फायनेंश एवं पूर्व विक्रेता नवल सिंह पुत्र श्री फेरनसिंह के सह-भूमिस्वामी श्रीमती रामश्री पत्नी स्व. श्री रामसिंह, वीरबल सिंह, विजय सिंह, सुरेशसिंह, लोकेन्द्रसिंह पुत्रगण श्री रामसिंह को कोई उज्र व आपत्ति हो तो मय सबूत के नीचे पते पर 7 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे वरना म्याद गुजरने के बाद कोई उज्र व आपत्ति मान्य व स्वीकार नहीं होगी और मेरी पक्षकारा श्रीमती पूनम राजावत पत्नी श्री विश्वप्रताप सिंह अचल सम्पत्ति प्लॉट क्र. 03 व 04 का भाग कुल क्षेत्रफल 920 वर्गफुट को क्रय करने बावत हाउसिंग लोन की सुविधा आई. सी. आई. सी. आई. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड सिटी सेंन्टर ग्वालियर से आवंटित करा रही है, जो सुचित हो।

दिनांक-07.08.2025
स्थान-ग्वालियर

भवदीय
संजय बाकलीवाल एडवोकेट
चिक संतर मुरार ग्वालियर
मो. 9300981954

आम सूचना

श्रीमती सुधा शर्मा पत्नी श्री बीरेन्द्र कूमार शर्मा के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भवन, स्थित चंदन नगर, ग्राम दामोदर बाग, तहसील व जिला ग्वालियर (म.प्र.) है जो नगर निगम ग्वालियर वार्ड क्र.04 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र. 189/मिन-2 ग्राम दामोदरबाग का भाग है एवं जिसका 742.2 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में-भवन चंदन, पश्चिम में-भवन अंजू शर्मा, उत्तर में-सम्पत्ति दीगर एवं दक्षिण में-रास्ता है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री मंगल सिंह पुत्र श्री गणेश सिंह भदौरिया एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री मंगल सिंह द्वारा सम्पत्ति 1484.5 वर्गफुट एरिया श्रीमती पूनम शर्मा पुत्री स्व. श्री परमाल शर्मा एवं श्रीमती राजकुमारी पत्नी स्व. श्री परमाल शर्मा को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.3021 दिनांक 29.12.2006 से विक्रय की गई। श्रीमती राजकुमारी का स्वर्गवास दिनांक 02.12.2018 को हो जाने के उपरांत, श्रीमती पूनम शर्मा पुत्री स्व. श्री परमाल शर्मा पत्नी श्री प्रदीप शर्मा उनकी सम्पति की मालिक हुये। श्रीमती पूनम शर्मा द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती रमा उपाध्याय पत्नी श्री भुवनेश उपाध्याय को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी 142602021ए1800987 दिनांक 20.09.2021 से विक्रय की गई। श्रीमती रमा उपाध्याय द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती सुधा शर्मा पत्नी श्री बीरेन्द्र कुमार शर्मा को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी 142602022ए1793208 दिनांक 28.07.2022 से विक्रय की गई। श्रीमती सुधा शर्मा द्वारा फर्म सैनिक रोड लाईन्स हेतु उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं श्रीमती राजकुमारी के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. - मकान नं. 52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

नाम परिवर्तन सूचना

मैं संतोष सिंह तोमर पुत्र श्री